### सिकलसेल और एनीमिया से ग्रसित मरीजों के परिजनों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता

# ब्लड बैंक छिंदवाड़ा में भारी लापरवाही, एबी निगेटिव की जरूरत पर दे रहे थे एबी पॉजीटिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

जिला अस्पताल में ब्लड बैंक में गुरूवार को लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है जहां मरीज को एबी निगेटिव बलड की तत्काल आवश्यकता थी लेकिन स्टाफ से की गलती से ए बी पॉजीटिव ब्लड देने की तैयारी कर ली गई थी। परिजनों ने बताया कि सिकलसेल से पीड़ित मासूम को एबी निगेटिव ब्लड की आवश्यकता थी परंतु डॉक्टरों की रिपोर्ट में ए बी पॉजीटिव आया जिससे परिजन घबरा गए और अपना विरोध दर्ज किया। परिजनों ने बताया कि बच्ची का ब्लड ग्रुप ए बी निगेटिव है और नर्सिंग स्टाफ ने बच्ची का ब्लड लेकर टेस्ट किया और जो टेस्ट रिपोर्ट परिजनों को दी गई उस पर ए बी पॉजीटिव लिखा हुआ था। नर्सिंग स्टाफ को गलती का अहसास कराने के बाद नर्सिंग स्टाफ पल्ला झाड़ते नजर आया और दो दिन तक इलाज चलेगा, इंजेक्शन लगेगा अभी ब्लड की आवश्यकता नहीं है। ऐसी बातें







बोलकर परिजनों को गुमराह करने लगा।

दरअसल छिंदवाड़ा में ब्लड बैंक में सुरक्षा मानकों को लेकर और खून की खरीद फरोख्त को लेकर हमेशा सवालों के घेरे में रहा है। पैसा लेकर कई जरूरतमंद मरीजों को गुमराह किया जाता है और मरीज परेशान होते रहते है। कई ऐसे मामले है जो खून के दलाल सक्रिय होकर मरीज और मरीजों के परिजनों का खून चूसते है। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार आला अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। अगर सिकलसेल के मरीजों को इस तरह की लापरवाही से कोई नुकसान होता है तो इसकी जवाबदारी कौन लेगा। परिजनों का कहना है कि ब्लड सेम्पल लेने के बाद सेम्पल को सुरक्षित नहीं रखा गया ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है कि ब्लड की स्लाइड किसी और के ब्लड से अदला बदली हो गई और ए बी निगेटिव की मांग रखने वाली मासूम के रिपोर्ट में ए बी पॉजीटिव लिखा गया तो कि एक गंभीर लापरवाही की श्रेणी में आता है। वैसे ब्लड बैंक का सारा काम नर्सिंग स्टाफ ही देखता है। जिम्मेदार चिकित्सक कभी कभार ही ब्लड बैंक पहुंचते है चिकित्सा अधिकारियों की यह लापरवाही कभी किसी मरीज की जान पर न आए इस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सजग रहने की आवश्यकता है।

**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर वशिष्ठ ने छिंदबोह में जनसंवाद किया, ग्रामीणों ने रखीं विभिन्न मांगें

**पांढुर्णा।** आज 11 दिसंबर को कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने आदिवासी बाहुल्य ग्राम छिंदबोह का दौरा कर ग्रामीणों के साथ जनसंवाद कर उनकी समस्याएं जानी। इस दौरान ग्रामीणों ने अनेक महत्वपूर्ण मांगें कलेक्टर के समक्ष रखीं। उन्होंने छिंदबोह में आंगनवाड़ी की स्थापना, छिंदबोह से नोनछापर तक सड़क निर्माण, पलसपानी में हाईस्कूल भवन निर्माण, तथा छिंदबोह में पशुपालन चिकित्सालय की आवश्यकता के बारे में अवगत कराया। इसके साथ ही ग्रामीणों ने आंगनवाड़ी के मध्यान्ह भोजन की सामग्री छिंदबोह तक नियमित रूप से पहुंचाने की मांग की।जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों ने छिंदबोह क्षेत्र में नेटवर्क और बिजली की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। इसके अतिरिक्त नारायणघाट से पलासपानी तक सड़क पर पुलिया निर्माण की मांग सामने आई। ग्राम लिल्हाई से बारीघाट तक सड़क निर्माण तथा ग्राम लिल्हाई में ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराने की आवश्यकता भी ग्रामीणों द्वारा बताई गई। साथ ही ग्राम पंचायत पलासपानी को मोहखेड़ ब्लॉक में जोड़ने की मांग भी रखी गई।कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने सभी मांगों और समस्याओं को गंभीरता से सुना और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनसंवाद के दौरान यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत सभी सुझावों व मांगों पर सकारात्मक पहल की जाएगी।

### टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**दमुआ।** किड्स डी.पी.एल दमुआ द्वारा 15 वर्ष के बच्चो खिलाडियों के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई है स्थान क्रिकेट स्टेडियम बजरंगबली ग्राउन्ड अखाडा दमुआ न. 12 खदान नं. 24/25 के पास टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता दिनांक 08 दिसम्बर 2025 से प्रारम्भ की गई है। प्रतियोगिता में सामिल होने के लिए एन्ट्री फीस 1001/- रूपये रखी गई है।

## कलेक्टर ने किया हर्रई सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जनस्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने सिविल अस्पताल हर्रई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्डों, ओपीडी, दवा वितरण केन्द्र, प्रसूति कक्ष और प्रयोगशाला सहित विभिन्न इकाइयों की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। कलेक्टर श्री नारायन ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए स्टाफ को निर्देशित किया कि स्वच्छता में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर वातावरण और समय पर उपचार उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कलेक्टर श्री नारायन ने अस्पताल प्रबंधन को नियमित मॉनिटरिंग, सफाईकर्मियों की ड्यूटी का स्पष्ट निर्धारण, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता तथा मशीनों की निर्बाध कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### आज से प्रारम्भ होगी जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में लगातार विभिन्न खेल गतिविधिया आयोजित की जा रही है। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं 12 दिसंबर से छिन्दवाड़ा मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में जिलें सहित प्रदेश और देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से छिंदवाड़ा और पांढुर्ना के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। जिससे जहां जिला, विकासखंड, ग्राम पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्रों एवं मंडल स्तर तक के सभी खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में खेलने का अवसर मिला वहीं चयनित खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर भी मिलेगा। दोनों जिलों के प्रतिभागी खिलाड़ी सांसद खेल महोत्सव में अपनी प्रतिभा का परिचय देकर आगामी औलम्पिक और राष्ट्रीय व अंर्तराष्ट्रीय स्पर्धाओं में जिलें का प्रतिनिधित्व करेंगे। भाजपा खेल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अंकित सोलंकी, श्रेय जैन और राकेश चौरसिया ने बताया कि सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में आयोजित हो रहे।

## शिक्षिका ने बच्चों को बांटे स्वेटर



**सौंसर।** गुरुवार को एक शिक्षिका ने अपनी बेटी के जंन्म दिन पर बच्चों को दी स्वेटर का वितरण करते हुए गर्माहट दि है। शिक्षिका भारती राउत ने अपनी बेटी मिष्टी राऊत के जन्मदिन को एक यादगार और प्रेरणादायक रूप दिया। उन्होंने निजी जश्न मनाने के बजाय, प्राथमिक शाला बारगाबोड़ी ढाना में जरूरतमंद स्कूली बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए स्वेटर वितरित किए और समाज के सामने सेवा का एक अनुपम उदाहरण पेश किया है। शिक्षिका श्रीमती राउत ने अपनी बेटी का जन्मदिन खर्चीले और धूमधाम से न मानते हुए ग्रामीण बच्चों के बीच में मन कर मानवता की मिशाल पेश की है।इस दौरान प्राथमिक शाला के 17 बच्चों को उनी स्वेटर का वितरण किया गया है।कड़ाके की ठंड में जब बच्चों को नए और गर्म स्वेटर मिले, तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। बच्चों ने स्वेटर पाकर शिक्षिका और उनकी बेटी का आभार व्यक्त किया है।

## अयोध्या धाम में होगा रामलीला मंडल का ऐतिहासिक मंचन

**छिंदवाड़ा।** शहर में इन दिनों एक ही चर्चा है छिंदवाड़ा का ऐतिहासिक श्री रामलीला मंडल अब अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम की लीलाओं का भव्य मंचन करने जा रहा है। 137 वर्ष पुरानी इस मंडल के लिए यह पहला अवसर है जब इसके कलाकार शहर से बाहर जाकर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की लीलाओं का तीन दिवसीय मंचन करेंगे। यह मंचन 13, 14 एवं 15 दिसंबर को अयोध्या के पवित्र धाम में प्रतिदिन शाम 04.30 बजे से आयोजित होगा।मंडल के अध्यक्ष अरविंद राजपूत ने बताया कि यह अवसर छिंदवाड़ा के सांस्कृतिक इतिहास में स्वर्णिम अध्याय होगा। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा की सांस्कृतिक पहचान और यहां की मंचीय परंपरा को ध्यान में रखते हुए अयोध्या में भी मंच की साज-सज्जा छिंदवाड़ा की थीम पर ही तैयार की जा रही है। आयोजन में जनक जी की भूमिका छिंदवाड़ा–पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र के सांसद विवेक बंटी साहू निभायेंगे, जो संसद के शीतकालीन सत्र से सीधे अयोध्या पहुंचेंगे। अयोध्या में मंच निर्माण, प्रकाश व्यवस्था और दृश्य संयोजन का समस्त सामान लेकर जाने वाला मालवाहक वाहन बुधवार को छिंदवाड़ा से प्रस्थान कर चुका है।पूरे शहर में इस आयोजन को लेकर उत्साह का वातावरण है। शहर के दो स्थानों पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मंचन का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। इसके साथ ही श्रीरामलीला मंडल के यूट्यूब चैनल एवं स्थानीय ग्लोबल चैनल में भी लीला का प्रसारण किया जाएगा। धार्मिक संगठनों, स्थानीय नागरिकों और कलाकारों के परिजनों ने रामलीला मंडल की यात्रा को शुभकामनाएँ दी हैं। अयोध्या में होने वाला यह मंचन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक होगा, बल्कि छिंदवाड़ा की सांस्कृतिक परंपरा को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का माध्यम भी बनेगा।

## क्रिकेट, कबड्डी, एथलेटिक्स व गोला फेंक में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

### सांसद खेल महोत्सव का भाजपा नगर मंडल चौरई में सफल समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई

भाजपा नगर मंडल चौरई के तत्वावधान में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का आज उत्साहपूर्ण और सफल समापन हुआ कई दिनों से चल रहे इस बहुआयामी खेल आयोजन में क्रिकेट, कबड्डी, दौड़, ऊँची कूद,लंबी कूद तथा गोला फेंक जैसी विभिन्न स्पर्धाओं में सैकड़ों प्रतिभागियों ने उमंग और खेलभावना के साथ हिस्सा लिया मुख्य रूप से क्रिकेट फाइनल बना आकर्षण का केंद्र बना समापन दिवस पर क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांचक फाइनल मुकाबला मुख्य आकर्षण रहा खिलाड़ियों ने बेहतरीन कौशल और खेल-भावना का प्रदर्शन किया विजेता टीम अब जिले स्तर पर मंडल की अन्य टीमों से शानदार मुकाबला करेगी पूरे आयोजन के दौरान मैदान पर जोश, तालियों की गूंज और खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक था कबड्डी,एथलेटिक्स और गोला फेंक में उभरी नई प्रतिभाओ मे कबड्डी स्पर्धा में जूनियर व सीनियर वर्ग में बालक और बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया।

### मुख्य अतिथियों ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला और मनोबल

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय के नेतृत्व में हुआ इस अवसर पर तहसीलदार पांडे जी,थाना प्रभारी मोहन मर्शकोले,ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बघेल,बीएमओ ए.के. सेन सहित कई अधिकारी मौजूद रहे समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय वरिष्ठ भाजपा नेता बबलू शैलेंद्र पटेल,संजय ठाकुर,वेदप्रकाश चौरसिया, जिला पंचायत सदस्य ऋषि वर्मा जिला मंत्री नीलू निर्मलकर जनपद अध्यक्ष सरोज रघुवंशी जनपद उपाध्यक्ष सैलकुमारी वर्मा नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा जैन, उपाध्यक्ष शिरपत नायक,महेंद्र वर्मा चंद्रभान सोनी, अनमोल चौधरी राजेंद्र सन्दरम, विनोद पाल समित सराठे सानू शर्मा,कपिल विश्वकर्मा,अजय चौहान, मोनू देशमुख,मंत्री रितु चौरसिया,दीपा राय अनसुईया सोनी मौजूद रहे।

### बाल चेतना शिविर में बच्चों को सिखाया गया अनुशासन

**सौंसर।** नगर के साथ जामसांवली धाम के लिये आध्यात्मिक उल्लास और बाल चेतना की अनोखी चमक के साथ रहा। कलेक्टर नीरज कुमार वषिष्ठ के मार्गदर्षन में एसडीएम सिद्धार्थ पटेल के नेतृत्व में सांदीपनि विद्यालय में आयोजित बाल चेतना षिविर में अनुसूचित जाति, एवं जनजाति छात्रावास के 64 बच्चों ने योग, ध्यान का प्रषिक्षण लिया। इसके पष्चात चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक जामसांवली में पहली बार समूहिक राम नाम जप कर संपूर्ण परिसर को राममय बना दिया। 5 दिवसीय बाल चेतना षिविर में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रषिक्षक एवं स्वयंसेवक सिद्धार्थ पटेल, प्रषिक्षक रानू सकरवार ने बच्चों को ध्यान, सूर्य नमस्कार, योगासन एवं प्राणायाम, बच्चों को जीवनोपयोगी कौषल एवं सकारात्मक जीवन षैली की सीख दी गई। साथही बच्चों को अनुषासन, मानसिक षांति और व्यक्तित्व विकास के कई महत्वपूर्ण अभ्यास कराये गये। जामसांवली मंदिर में लयबद्ध सामुहिक राम नाम जप करके प्रभावी ऊर्जा के साथ पूरे धाम को साधना स्थल में परिवर्तित कर दिया।

### तहसील परिसर में गाड़ी की डिक्की से तीन लाख 40 हजार चोरी का मामला

# अधूरी सफलता पर पुरस्कृत होंगे पुलिसकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

तहसील परिसर से तीन लाख चालीस हजार रूपए डिक्की से चोरी हुए लूट के बदमाशों को पुलिस ने विगत दिवस गिरफ्तार कर लिया है। 17 अक्टूबर को हुई इस घटना में महिला रजनी कुशवाह की गाड़ी की डिक्की से तीन लाख चालीस हजार रूपए की चोरी तब की गई जब वह एग्रीमेंट बनाने तहसील कार्यालय परिसर आई थी। पुलिस को इस मामले में 55 दिनों बाद सफलता मिली। इस मामले में पुलिस ने शहडोल के आरोपी रमेश उर्फ मग्गा को गिरफ्तार कर लिया है जबकि उसका साथी फरार है। पुलिस ने 70 हजार रूपए के साथ इस्तेमाल की गई बाइक भी जब्त की है।



3 लाख 40 हजार रूपए की लूट पर 70 हजार रूपए नगद इस्तेमाल की गई बाइक और लूट के दो आरोपियों में से एक आरोपी की गिरफ्तारी के साथ ही घटना के लगभग एक महीना दस दिन बाद एफआईआर और 55 दिनों बाद एक आरोपी की गिरफ्तारी सब कुछ संदेह के घेरे में है। क्योंकि ये हम नहीं कह रहे है यह पीड़िता का कहना है कि 17 अक्टूबर की घटना के शिकायत करने कोतवाली लिखित शिकायत की गई फिर बार बार फोन पर बात की। टीआई कहते रहे कि जल्द रिकवरी कर ली जाएगी, रूपए मिल जाएंगे, पर एफआईआर नहीं की। 23 दिन बाद पति की मृत्यु हो गई। फिर दस दिन बाद महिला रजनी कुशवाह एफआईआर के लिए मिन्नतें करती रही परंतु एफआईआर नहीं लिखी गई, इसके बाद एसपी, डीआईजी को लिखित शिकायत दी। डीआईजी साहब ने टीआई को फोन को भी किए परंतु फिर भी एफआईआर नहीं लिखी गई इसके बाद ईएफआईआर की कार्यवाही की गई, इसके बाद 181 की कार्यवाही की गई। इसके बाद ही कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की जिसमें यह लिखवा लिया कि पति की मृत्यु की वजह से एफआईआर देर से लिखाने आई हूं।

पुलिस द्वारा एक अपराधी को पकड़कर पुरूस्कार की घोषणा की गई है। जबकि यह केस आज भी अधूरा है। रिकवरी भी अधूरी है। इस पर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। परंतु टीम को पुरूस्कृत करके वाहवाही लूटने की परम्परा जारी है। लूट जैसे मामले में चंद दिनों में ही कार्यवाही की जाती तो बरामदगी सम्मानजक होती। 181 की शिकायत पीड़िता द्वारा एल-2 में पहुंचाई गई है। देखना होगा कि कोतवाली पुलिस दूसरे आरोपी को कब तक गिरफ्त में लेती है और पीड़िता को कितनी राहत प्रदान करती है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाजार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्धोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण –** 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति फु‌नीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण –** 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## एसडीएम ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर लिया जायजा, ठेकेदार को दिए निर्देश

# एस्टीमेट के आधार पर निर्माण नहीं होने पर ठेकेदार को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



लगातार सुर्खियों में नगर के नेहरू स्टेडियम की बाउंड्री वॉल एक बार फिर गुरुवार को चर्चा में आई यहां प्रातः 11:00 बजे एसडीएम कामिनी ठाकुर, नगर पालिका को नेहा धुर्वे, नपा अध्यक्ष रमेश सलोढे व अन्य पार्षद गण राजनेता कार्य स्थल पर पहुंचे.जहां एसडीएम ने एस्टीमेट के आधार पर बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य को घटिया होना पाया।

उन्होंने इस दौरान बाउंड्री वॉल के डबल कॉलम में एस्टीमेट के अनुसार लंबाई व चौड़ाई 1700 एम एम ( 6 फिट से अधिक )गड्ढे को होना नहीं पाया.इस बात पर उन्होंने ठेकेदार के कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए कार्य को एस्टीमेट के आधार पर किए जाने की बात कही. वहीं ठेकेदार के कर्मचारियों ने डबल कॉलम के गढ़ों की वर्तमान में जो लंबाई व चौड़ाई है उसके लिए उन्होंने ठेकेदार के इंजीनियर से प्राप्त आदेश का हवाला दिया इस पर एसडीएम ने ठेकेदार के कर्मचारियों से कहा कि शासन से प्राप्त एस्टीमेट के अनुसार ही निर्माण कार्य किया जाए. इधर एसडीएम के आने के पूर्व व जाने के पश्चात ठेकेदार ने आनन -फानन में बाकी के अन्य कॉलम के गड्ढे में किया भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए उनकी मिट्टी से पुराई भी करवा दी।

एसडीएम ने बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य में फूटिंग बेस व अन्य कलम के खुले हुए गड्ढों को एस्टीमेट के अनुसार नहीं होना पाया. ज्ञात हो की बाउंड्री वॉल निर्माण लगातार प्रारंभ होने से अब तक सुर्खियों में है. बाउंड्रीवाल निर्माण में भ्रष्टाचार किए जाने के बाद भी ठेकेदार व जिले के जनजाति कार्य विकास विभाग के आला अफसर ठेकेदार पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं. एसडीएम ने इसके पश्चात ओवर ब्रिज निर्माण कार्य के आसपास छूटे शेष कार्यों के लिए ओवर ब्रिज के ठेकेदार को उन्हें शीघ्र पूर्ण करने की बात भी कहीं. इस दौरान पार्षद संजय जैन, भाजपा नेता शरद कुरुलिया, पार्षद अरुणेश जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, ओवर ब्रिज निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर रनजीत सिंह, अन्य पार्षद गण, राजनेता व पत्रकार गण उपस्थित थे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत बैठक का आयोजन

**जुन्नारदेव।** मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्यक्रम के तहत एसडीएम कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिसमें एस आई आर की समीक्षा की गई।केंद्रीय चुनाव आयोग के दिशानिर्देश पर देश के 10 राज्यों सहित मध्य प्रदेश में भी मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्य प्रदेश भोपाल एवं कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी छिंदवाड़ा के मार्गदर्शन में स्थानीय एसडीएम कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया । बैठक के दौरान एसडीएम कामिनी ठाकुर ने बताया कि एस आई आर का डीलाइजेशन का कार्य पूरी पारदर्शिता के अनुसार किया गया है। इसके बाद भी अगर कोई छूट गया है तो वह अपनी जानकारी आज दे सकता है। मतदाता सूची का प्रकाशन 16 दिसंबर को होना है उसके बाद दावे आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। इस बैठक में क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, पत्रकारगण उपस्थिति थे। इस बैठक में मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अभियान में बीएलओ के द्वारा वितरित किए गए गणना पत्रक की अप्राप्ता के संदर्भ में विचार विमर्श किया गया। इस गणना पत्रक में मतदाताओं के अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं दोहरी प्रविष्टि होने का निराकरण व शुद्धिकरण किया जाना है।

## विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय गीता ज्ञान प्रतियोगिता जीती



**छिंदवाड़ा।** उच्च शिक्षा एवं उत्तम संस्कार के लिए ख्याति प्राप्त सन्त श्री आशारामजी गुरुकुल के विद्यार्थियों ने विश्व गीता प्रतिष्ठानम द्वारा आयोजित संस्कृत गीता ज्ञान प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है । इस अवसर पर गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर ने बताया कि आध्यात्मिक शिक्षा और आधुनिक शिक्षा के समन्वय के कारण विद्यार्थियों की योग्यता में निखार आता हैं । समय-समय पर हमारे बच्चों ने पूरे विश्व में जिले को गौरान्वित किया है ।अनुभूति सिंह पिता बिपिन सिह दिल्ली कक्षा 8 की छात्रा हैं। इन्होंने पूरे देश भर के अन्य बच्चों को पीछे छोड़कर प्रथम स्थान पाया जिसपर उन्हें 11 हजार रुपये नगद प्राप्त हुए । इसी कड़ी में संस्कृत ओलम्पियाड में धारणी मिश्रा पिता वीरेन्द्र मिश्रा छिंदवाड़ा 5100/- , अभी केसरवानी पिता सुरेश केसरवानी रीवा मप्र 3000/- रुपये नगद और 17 विद्यार्थियों को संस्कृत छात्रवृत्ति 5 - 5 हजार रुपये प्राप्त हुई हैं । संस्कृत हमारी देव भाषा है । आयोजन कर्ता ने गुरुकुल के विद्यार्थियों के संस्कृत भाषा के ज्ञान की जमकर सराहना की । माननीय मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता ज्ञान प्रतियोगिता में गोविंद सिंह पिता सुमन सिह बिहार ( कक्षा 7 वीं) को 32 हजार रुपए एवं आनन्द कुमार का पुरस्कार के लिए चयन हुआ ।सनद रहे उक्त गुरुकुल में देश के लगभग 24 राज्यो के विद्यार्थी अध्ययनरत है । म.प्र. के मुख्यमंत्री 26 जनवरी को उज्जैन में इन बच्चों को पुरुस्कार देकर सम्मानित करेंगे । इस खुशी के अवसर पर खजरीं आश्रम के संचालक जयराम भाई , गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , पूजा आम्रवंशी , प्रबन्धक सुशील सिंह परिहार , छात्रावास प्रभारी सोमनाथ पवार , संस्कृत विभाग और समस्त शिक्षण स्टॉफ़ ने शुभाशीष प्रदान किया है ।

# 2020 से शासकीय भूमि पर रह रहे लोगों को मिलेंगे पट्टे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

### पटवारियों के साथ नपाध्यक्ष ने की चर्चा, राजस्व नगर पालिका की टीम करेगी सर्वे

नगर पालिका परासिया क्षेत्र में वर्ष 2020 से शासकीय भूमि पर निवास कर रहे लोगों को जमीन का पट्टा मध्य प्रदेश सरकार देगी। इसके लिए पटवारी और नगर पालिका की टीम सर्वे करेगी। नगर पालिका परासिया के अध्यक्ष विनोद मालवीय ने गुरुवार को चार बजे पटवारियों के साथ नगर पालिका में बैठक की।नगर पालिका अध्यक्ष ने पटवारियों के साथ पट्टे किसे मिलने है और किसे नहीं इस पर चर्चा की। गरीबों को ज्यादा से ज्यादा कैसे लाभ मिले इस पर चर्चा की गई।

गौरतलब है कि पट्टे मिलने के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना से मकान का लाभ भी मिल सकेगा। नगर पालिका कार्यालय में नगरीय सीमा से जुडे पटवारी मौजूद रहे। इस दौरान नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी और पार्षद सभापतिगण भी मौजूद रहे। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने बताया कि 2020 ये शासकीय भूमि में निवास कर रहे समस्त व्यक्तियों को पट्टै का अधिकार मध्य प्रदेश सरकार देना चाहती है। जिनका कब्जा 2020 की स्थिति में शासकीय भूमि में दर्ज हो नगर पालिका क्षेत्र में निवास करते हो वे नगर पालिका अध्यक्ष को खसरा नक्शा लगाकर आवेदन कर सकते है। कल से जांच कार्रवाई कर पट्टे देने की कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि नगर पालिका राजस्व की टीम और पटवारी गण सर्वे का काम करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने बताया कि डब्ल्युसीएल, रेलवे की भूमि, नदी, नाले, तालाब की भूमि, जल निवासी वाले क्षेत्र, धार्मिक क्षेत्र आदि की भूमि के पट्टे नहीं मिलेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष के साथ चर्चा में पटवारी देवेंद्र साहू, पटवारी अभिजीत और यशवंत डेहरिया, राजस्व विभाग से जागसिंह नायक, श्याम डेहरिया, अरविंद नाग, अश्विनी डेहरिया, प्रतीक डेहरिया, प्रदीप डेहरिया, असद खान, प्रवीण डेहरिया उपस्थित रहे।

## नहीं बनी बात , शुरू हुई भूख हड़ताल, दूसरे दिन भी जारी



**न्यूटन / परासिया** :- नगर पंचायत न्यूटन में व्याप्त पानी की समस्या और विभिन्न समस्याओं को लेकर सी एम ओ के साथ हुई बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकलने पर , क्रमिक भूख हड़ताल शुरू हो गई । जो दूसरे दिन भी जारी रही ।पहले दिन बुधवार शाम 5 बजे नगर पंचायत कार्यालय के परिसर में भाजपा नगर अध्यक्ष शिवनाथ कनोजिया और श्याम श्रीवास्तव को तिलक लगाकर हड़ताल पर बैठाया गया । गुरुवार को भाजपा शहरी मण्डल उपाध्यक्ष ब्रजेश त्रिवेदी (सोनू पंडित) भूख हड़ताल पर बैठे । पहले दिन प्रभारी सी एम ओ रोशन बाथम ने भाजपा के लोगों से चर्चा की । उन्हें पानी की समस्या के समाधान के लिए नप की ओर से किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया । वे आंदोलन कारियों को डेम भी ले गए । साथ ही हड़ताल न करने की अपील की , लेकिन आंदोलनकारी संतुष्ट नहीं हुए और हड़ताल पर बैठ गए । हड़ताल भाजपा के श्री चंद पटेल , इंद्रपाल साहू , अश्विनी यदुवंशी , रवि सोनवंशी , नितिन जायसवाल , राजेंद्र यादव बबुआ , राजू सोनी , योगेन्द्र सोनी राजू मालवीय, पप्पू यदुवंशी, रामकुमार बंदेवार, विनती लाल बरखें, संजय काकोडिया , दीपक बाथरी , दीपक काकोडिया , मोहित ठाकुर , एल एन चौरसिया , राजू गुप्ता , राजेश केवट , प्रमोद चौधरी आदि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में शुरू की गई ।

## ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ने किया बोरी बंधान कार्य

**जुन्नारदेव।** मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के अनुसार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद भोपाल के निर्देशन में जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक श्री अखिलेश कुमार जैन एवं विकासखंड समन्वयक श्री संजय बामने की उपस्थिति में सेक्टर क्रमांक 4 दमुआ के अंतर्गत आने वाला ग्राम पंचायत नंदना के ग्राम रतवा ढोल गांव के जंगल में स्थित नाला में 60 बोरियों का बांध बनाया गया इस अवसर पर जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन द्वारा बताया गया कि जल ही जीवन है। यह सिर्फ एक कहावत नहीं, बल्कि सच्चाई है, पानी के बिना हम एक दिन भी नहीं जी सकते. यह हमारी प्यास बुझाता है, खेतों को सींचता है, और हमारे गांवों को हरा-भरा रखता है.लेकिन यह अमूल्य उपहार खतरे में है. आज दुनिया के कई हिस्सों में, हमारे अपने गांवों में भी, साफ पानी की कमी है, कई परिवारों को पीने का पानी लाने के लिए मीलों चलना पड़ता है, बढ़ता प्रदूषण, और वर्षा जल का बह जाना भी हमारी समस्याएँ हैं, अगर हम अभी नहीं जागे, तो हमारी आने वाली पीढ़ियों के पास शायद पानी ही नहीं बचेगा।

## एडीएम ने किया एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण, लिपिकों को फटकारा



**पांढुर्ना।** आज एडिशनल कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री ने प्रशासनिक प्रक्रिया को चुस्त दुरूस्त और सुव्यवस्थित एसडीएम एवं तहसील कार्यालय एवं दोनों न्यायालयों का अवलोकन संधारित दस्तावेजों का आकस्मिक निरीक्षण कर उचित दिशा निर्देश दिए। कुछ प्रकरणों के संधारन में खामियां पाई जाने पर एडीएम ने संबंधित लिपिकों को फटकार लगाकर कार्यशैली में परिवर्तन के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में काम करनेवाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर उनकी कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी हासिल की। एडीएम महोदय ने निरीक्षण के दौरान दायरा पंजी, गार्ड फाईल, न्यायालयीन प्रकरणों के रिकार्ड आदि के संधारित दस्तावेजों का अवलोकन किया। एडीएम नीलमणि अग्निहोत्री ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर कामकाज में रूकावट या असुविधा ना इस बारे में करने के उद्देश्य से निर्देश दिए।

## स्कूली वैन की चपेट में आकर स्कूली छात्र 4 वर्षीय भूपेन्द्र की मौत

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



पुलिस थाना वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत बुदबुदा के ग्राम धानीटोला में आपने मामा-मामी के घर में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे एक 4 वर्षीय मासूम बालक भूपेन्द्र पिता प्रकाश बरले की जान उसके ही स्कूल की वैन के चालक की लापरवाही ने उसकी जान ले ली। मासूम की मौत की खबर से उसके मामा-मामी, माता-पिता व परिजनों में शोक की लहर फैल गई, वहीं इस दुर्घटना के दौरान घटना स्थल पर क्रोधित ग्रामीणों द्वारा वैन को रोक लिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर बालक भूपेन्द्र के मामा व उसके परिजन उसे लेकर शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी लेकर पहुॅचे, जहॉ पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत बुदबुदा के ग्राम धानीटोला में प्राईड कान्वेंट स्कूल संचालित हो रहा है। इस स्कूल के एलकेजी वन में भूपेन्द्र पिता प्रकाश बरले प्रतिदिन पढने के लिए जाता था। मृतक भूपेन्द्र के माता-पिता लालबर्रा के ग्राम अतरी के रहने वाले है, जो मजदूरी करने के



लिए नागपूर गए हुए है और भूपेन्द्र को उसके मामा-मामी के पास ग्राम धानीटोला में छोड़ गए है। मृतक बालक भूपेन्द्र प्रतिदिन की तरह गुरुवार को भी स्कूल गया हुआ था और लगभग 3 बजे छुट्टी के बाद पैदल घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान स्कूल वैन का चालक अन्य बच्चों को लेकर स्कूली वैन लेकर निकला, लेकिन उसके द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पैदल जा रहे भूपेन्द्र बरले को अपनी चपेट में ले लिया गया। जिससे बालक भूपेन्द्र बुरी तरह से घायल हो गया। इस दुर्घटना को देखते ही ग्रामीणों ने दौड़ कर वैन को चारों ओर से घेर लिया और उसके बाद बालक को पहचानते ही उसके परिजनों को मोबाईल से सूचना दी गई। बालक भूपेन्द्र के घायल होने की सूचना मिलते ही परिजन तत्काल घटना स्थल पर पहुॅचे और ग्रामीणों के सहयोग से घायल बालक भूपेन्द्र को वारासिवनी शासकीय चिकित्सालय लेकर आए। जहॉ पर चिकित्सक ने जॉच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी भी चिकित्सालय पहुॅचे और मामले की जानकारी लेकर मर्ग कायम कर जॉच प्रारंभ की। वहीं मृत बालक का पोस्टमार्टम कर उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। इस मामले में ग्राम पंचायत बुदबुदा के सरपंच हंसराज कावरे ने बताया कि ग्राम धानीटोला में प्राईड कान्वेंट स्कूल संचालित होता है। मृतक बालक भी वहीं पर पढ़ता था। स्कूल से छुट्टी के बाद बालक पैदल घर जा रहा था, उसी समय पीछे से आ रही स्कूली वैन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वैन को चलाते हुए बालक को अपनी चपेट में ले लिया। जिसकी उसकी मौत हो गई। पुलिस ने वैन को जप्त कर पुलिस थाना वारासिवनी ले गई है।

## छतेरा शास.विद्यालय के व्यवसायिक पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओ को कराया औद्योगिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज खैरलाजी।

खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्च.माध्य विद्यालय छतेरा के अध्ययनरत हेल्थ केयर संकाय के छात्र छात्राओ के द्वारा औद्योगिक भ्रमण के तहत बुधवार 10 दिसंबर को शासकीय सामुदायिक अस्पताल खैरलांजी का भ्रमण किया। यह भ्रमण प्राचार्य पी.आर.भौरगढे, नोडल पी.एल. चौरागडे, व्यवसायिक प्रशिक्षक हेल्थ केयर प्रभारी मनीषा चिचखेडे, एच.आर.राहंगडाले, वर्षा मंडलेकर अन्य शिक्षको के मार्गदर्शन में किया गया। कक्षा नवमी एंव ग्यारहवी के ट्रेड हेल्थ केयर के विधार्थीयो के द्वारा अस्पताल में पहुंचकर स्वास्थ्य सबंधित जानकारीयो को हासिल की और जाना। लेब विभाग, औषधीय वितरण विभाग,ओपीडी,डिलीवरी विभाग सहित अन्य संचालित विभाग का भ्रमण कर उनकी गतिविधियो के बारे में विस्तृत रूप जाना और समझने का प्रयास किया । अस्पताल प्रबंधन के द्वारा हेल्थ केयर संकाय के बच्चो को अस्पताल का भ्रमण कराया और उन्हें विविध जानकारी से अवगत कराया । बताया गया की औद्योगिक भ्रमण के तहत स्कूल के कक्षा 9 वीं और 11 वीं के व्यवसायिक पाठ्यक्रम हेल्थ केयर सकांय के अध्ययनरत छात्र छात्राओ को अस्पताल का भ्रमण करवाया गया। और उन्हें स्कूल में पाठ्यक्रम में जो पढाया जाता है ,उसकी असलियत से रूबरू कराया गया। ताकि विधार्थीयो का बौद्धिक विकास और कौशल विकसित हो सके। इस दौरान औद्योगिक भ्रमण में विधार्थी एंव शिक्षकगण मौजूद रहे।

### मामला ग्राम पंचायत परसवाड़ा, जप लांजी का

# अतिक्रमण हटाने को लेकर सरपंच, ग्रामीण परेशान

### तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने के बाद भी समाधान नहीं, भूख हड़ताल पर बैठने मजबूर

हरिभूमि न्यूज लांजी।



किसी भी शासकीय भूमि पर कब्जा गैरकानूनी होता है और सरकार उसे कभी भी हटा सकती है। क्योकि यह सार्वजनिक संपत्ति होती है। परंतु ग्रामीण इलाकों में यह आम बात होती है। जिसे हटाने के लिये पंचायत द्वारा नोटिस भी मिलता है जिस पर कार्यवाही न होने पर कानूनी प्रक्रिया शुरू होती है जिसमें तहसीलदार द्वारा कार्यवाही की जाती है। ऐसा ही एक मामला जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत परसवाड़ा का प्रकाश में आया है जिसमें ग्राम के ही वार्ड क्रमांक 7 निवासी राजा पिता सुखराम लिल्हारे द्वारा शासकीय भूमि पर सरपंच की अनुपस्थिति का फायदा उठाते हुए कब्जा करने के बाद रातो रात भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। जिसके कारण ग्रामवासियों के साथ-साथ सरपंच भी परेशान है। इस संबंध में ग्रामीण राजा लिल्हारे को समझाईश देने के बाद भी वह नहीं माना तो सरपंच द्वारा इस संबंध में तहसील कार्यालय लांजी में आवेदन किया गया। परंतु तहसील कार्यालय में भी कार्यवाही में देरी होने के बाद कब्जाधारी द्वारा लगातार अपने अवैध निर्माण और कब्जे में कार्य किया जा रहा है जिससे परेशान होकर सरपंच द्वारा आगामी समय में ग्रामीणों के साथ मिलकर भूख हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी गई है।

### जल प्रदाय योजना हेतु स्वीकृत हुई थी जमीन

ग्राम पंचायत परसवाड़ा में विगत 24 मई 2025 को जल प्रदाय योजना अंतर्गत पानी टंकी हेतु भूमि का चयन ख.नं. 115 रकबा 0.336 हेक्टेयर की भूमि ग्रापं. परिसर में उपस्थित सदस्यों के राय से पानी टंकी के निर्माण हेतु उक्त भूमि का चयन किया गया था। इस दौरान ग्राम के सरपंच सहित ग्राम के 9 पंच सदस्यों की मौजूदगी थी जिनके द्वारा ग्राम सदन में ध्वनि मत से इसे पारित किया गया। परंतु ग्राम के ही वार्ड क्रमांक 7 निवासी राजा लिल्हारे द्वारा उक्त भूमि पर सरपंच की गैरमौजूदगी का फायदा उठाते हुए लगभग 8 कॉलम का पक्का अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है जिसे हटाने समझाईश देने के बाद भी उसे हटाया नहीं जा रहा है जिससे सरपंच और ग्रामीण परेशान हैं।

### पूर्व में भी ग्राम में किया गया है कब्जा

इस संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए ग्राम के सरपंच विजय लिल्हारे ने बताया की राजा लिल्हारे द्वारा पूर्व में भी ग्राम के अन्य स्थानों पर अपना अवैध कब्जा किया गया है परंतु शासकीय कार्य में बाधा नहीं होने से और किसी को परेशानी न होने की वजह से किसी ने भी आपत्ति दर्ज नहीं कराई परंतु वर्तमान में राजा लिल्हारे द्वारा पंचायत परिसर के सामने ही पानी टंकी के निर्माण हेतु चयनित भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात मिलने में बहुत परेशानी होगी। उन्होने बताया की राजा लिल्हारे द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की जमीन के बाजू में ही शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करते हुए पक्का निर्माण किया गया है जिसमें उसके द्वारा अपने वाहन एवं मवेशी रखे जा रहे है। ग्राम सरपंच विजय लिल्हारे ने बताया की राजा लिल्हारे द्वारा ग्राम के एक शासकीय हैडपंप को भी उखाड़कर उसमें अपनी निजी मोटर लगा ली गई है जिसका उपयोग भी स्वयं राजा लिल्हारे द्वारा किया जा रहा है और ग्रामीणों को इसका लाभ लेने से रोका जाता है।

### अवैध कब्जा बना पानी टंकी निर्माण में रोड़ा

ग्राम पंचायत परसवाड़ा में पानी टंकी के निर्माण में राजा लिल्हारे द्वारा किया गया अवैध कब्जा रोड़ा बना हुआ है इस संबंध में पीएचई विभाग द्वारा पंचायत को एक नोटिस भी दिया गया जिसमें उक्त अवैध कब्जे को हटाने का अनुरोध किया गया है जिससे उच्च स्तरीय टंकी का निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जा सके। परंतु तहसीलदार को शिकायत करने के बाद भी कार्यवाही नहीं होने से कब्जाधारी के हौसले बुलंद होते जा रहे है और पानी टंकी निर्माण कार्य में देरी हो रही है। जिससे परेशान होकर ग्राम के सरपंच विजय लिल्हारे द्वारा आगामी समय में कार्यवाही नहीं होने की दशा में ग्रामीणों के साथ भूख हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी गई है। एवं लांजी थाना में भी कब्जाधारी के विरूद्ध शिकायत की जाएगी। वहीं ग्रामीणों द्वारा भी इस समस्या से निजात दिलाने की मांग प्रशासन से की गई है।

### इनका कहना हैं



आपके द्वारा दी गई जानकारी अत्यंत गंभीर हैं, पूरे मामले में संबंधित तहसीलदार से संज्ञान लिया जाएगा। दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**कमलचंद सिंहसार, एसडीएम लांजी**

## वारासिवनी न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट प्रणेश कुमार प्राण के कुशल मार्गदर्शन एवं सतीश शर्मा न्यायाधीश/सचिव ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट एवं विशेष न्यायाधीश वारासिवनी श्रीमती कविता इवनाती के निर्देशन में आगामी 13 दिसम्बर 2025(शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय वारासिवनी में किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला न्यायालय व अधीनस्थ तहसील न्यायालयों हेतु कुल 20 खण्डपीठों का गठन किया गया है, जिसमें से व्यवहार न्यायालय वारासिवनी हेतु 06 खण्डपीठों का गठन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित प्रकरण जैसे आपराधिक शमनीय प्रकरण, चेक बाउंस प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, श्रम प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर, संपत्तिकर संबंधी प्रकरण एवं दीवानी मामले, राजस्व मामले एवं अन्य प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के माध्यम से किया जावेगा। नगरपालिका, नगर पंचायतों के प्रकरणों में आपसी राजीनामा के आधार पर एकमुश्त राशि पर अधिभार में नियमानुसार छूट प्रदान की जाती है।

## खेतों में जलाई जा रही है पराली, सरकारी आदेश की उड़ रहीं धज्जियां

हरिभूमि न्यूज लांजी।



शासन-प्रशासन ने खेतों में पराली न जलाने का सख्त निर्देश दिया है। इसके बावजूद खेतों में पराली जलाई जा रही है। अक्सर शाम के वक्त किसान पराली जला दे रहे हैं और अधिकारियों को इसकी भनक भी नहीं लग रही है।एक ओर सरकार किसानों से अपील कर रही है कि वे खेतों में पराली न जलाएं। प्रशासनिक अधिकारी भी ऐसे किसानों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। इसके बावजूद किसान सरकारी आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला थाना लांजी के गांव बालाघाट रोड दखनीटोला में गुरुवार शाम गांव चिचटोला चौक बालाघाट हाईवे रोड के किनारे एक किसान ने खेत में पड़ी धान की पराली में किसान और कुछ मजदूरों के द्वारा आग लगा दी। आग लगते ही धुएं का बड़ा गुबार उठ गया और कुछ ही देर में उसकी लपटें दूर-दूर तक दिखाई देने लगीं। धुआं इतना फैल गया कि बालाघाट हाईवे रोड तक एवं ग्राम में दृश्यता प्रभावित हो गई।

### पलारी जलने की सूचना मिलते ही एसडीएम ने मौके पर भिजवाई टीम

पराली जलाने की सूचना मिलने पर एसडीएम कमलचंद सिंहसार ने तत्काल प्रभाव से मौके पर टीम को सख्त कार्रवाई के लिए भेजा है। एसडीएम के आदेशों पर हल्का पटवारी योगेश पटले मौके पर पहुंचे

## खबर संक्षेप

### प्रतापगढ़ में श्रीमद्भागवत महापुराण साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ 28 से

सिवनी । छपारा के पास केवलारी विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत प्रतापगढ़ में कतिया समाज के नागेश परिवार के द्वारा उनकी बेटी सुमन नागेश की स्मृति में भागवत पुराण का आयोजन किया गया है जिसमें कथावाचक भगवत भूषण पण्डित श्री उमानंद शास्त्री महाराज ।श्रीधाम वृन्दावन वाले, के द्वारा दिनांक 28 दिसम्बर से 04 जनवरी 2026 तक भागवत पुराण का आयोजन किया गया है जिसमें । ग्राम-प्रतापगढ़ मैं होना है और प्रतिदिन कथा समय दोपहर 01 बजे से सायं 05 बजे तक होगा। नागेश परिवार के निज निवास में यह श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। जिसमे पुराण वाचक पं. श्री उमानंद शास्त्री जी महाराज के मुखारबिंद से आध्यात्मिक कथा का अमृत प्रवाह किया जावेगा। अतः सभी पारिवारिक रिश्तेदार एवं आसपास के पूरे गांव के लोगों को सपरिवार सहित इस मंगलमयी कार्यक्रम मे सादर आमंत्रित हैं । और इस भागवत पुराण में आकर कथा सुने और पुण्य लाभ अर्जित करें। नागेश परिवार में मालती नागेश विनोद रेखा नागेश द्वारका प्रसाद नागेन्द्र,मोहन-पार्वती,विष्णुप्रमाद-शिवकुमारी माइका प्रतश-म्की, जितेन्द्र, विजय, दीपक एवं समस्त नागेश परिवार इस भागवत पुराण का आयोजन इन सभी लोगों के सहयोग से होने जा रहा है।

### हाड़ कंपा देने वाली ठंड में किसानों की सुध लेने वाला कोई नहीं

# आदेगांव विद्युत विभाग की नाकामी से खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद होने की कगार पर

**अन्नदाता के साथ क्रूर मजाकः सिवनी के 13 गांवों में ब्लैकआउट, नरसिंहपुर की दया पर आश्रित किसान, सरकार के दावों की निकली हवा**

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया लखनादौन**/आदेगांव जब पूरा प्रदेश हाड़ कंपा देने वाली कड़ाके की ठंड की चपेट में है, तब सिवनी जिले के आदेगांव क्षेत्र का विद्युत विभाग अपनी वातानुकूलित और गर्म कमरों में कुंभकर्णी नींद सो रहा है। लखनादौन संभाग के अधिकारियों की संवेदनहीनता और अकर्मण्यता के चलते पथार, काठी, गौरबीबी, खोबी और परासिया सहित 13 गांवों के किसान बर्बादी के मुहाने पर खड़े हैं।

ठिठुरती रातें और शासन का सफेद झूठ

शासन-प्रशासन किसानों की आय दोगुनी करने के बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि बिजली के अभाव में रबी की फसल सूखने की कगार पर है। इस भीषण शीत लहर में जब पानी (पलेवा) की सबसे यादा जरूरत है, तब बिजली विभाग ने किसानों को अंधेरे में धकेल दिया है। 13 गांवों के किसान रात-रात भर खेतों में ठिठुरते हुए बिजली का इंतजार करते हैं, लेकिन नरसिंहपुर (डुडवारा) फीडर की मनमानी और स्थानीय अधिकारियों की घोर उपेक्षा ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है।



### फसल कमजोर होने का आतंक, जिम्मेदार मौन क्यों?

ग्रामीणों में फसल बर्बाद होने को लेकर दहशत (आतंक) का माहौल है। बिना बिजली के सिंचाई ठप पड़ी है। किसानों का साफ कहना है कि आदेगांव के कनिष्ठ यंत्री और लखनादौन के वरिष्ठ अधिकारी जानबूझकर इस समस्या को अनदेखा कर रहे हैं। जब पास में ही ग्राम जोबा (आदेगांव) की लाइन उपलब्ध है, तो 13 गांवों को नरसिंहपुर जिले के भरोसे क्यों छोड़ दिया गया है? क्या सिवनी जिला प्रशासन इतना लाचार है कि वह अपने ही जिले के गांवों को अपने फीडर से बिजली नहीं दे सकता? यह व्यवस्था की खुली नाकामी है।

### अधिकारियों की चमड़ी पर नहीं रेंग रही जूं

नरसिंहपुर के लाइनमैन जब चाहे बिजली काट देते हैं, और यहां के जिम्मेदार अधिकारी फोन तक नहीं उठाते। यह रवैया स्पष्ट करता है कि इन अधिकारियों को अन्नदाता की पीड़ा से कोई सरोकार नहीं है। यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि किसानों के साथ किया जा रहा अपराध है।

### सरकार को चेतावनी सब्र का बांध टूटा तो होगा विस्फोट

मंगलवार (10/12/25) को आक्रोशित ग्रामीणों ने जो ज्ञापन सौंपा है, वह प्रशासन के लिए अंतिम चेतावनी है। ग्रामीणों ने दो टूक शब्दों में कहा है कि कड़ाके की ठंड में अगर बिजली के अभाव में फसल खराब हुई, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और विद्युत विभाग की होगी। यदि लाइन को तत्काल जोबा-आदेगांव से नहीं जोड़ा गया, तो 13 गांवों के किसान उग्र आंदोलन करेंगे, जिसकी गूंज भोपाल तक सुनाई देगी।

अब देखना यह है कि ठंड में ठिठुरते किसानों की यह गुहार बहरे प्रशासन के कानों तक पहुंचती है या फिर उन्हें सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# जिला युवा संधि आज मनायेगी 25 वां स्थापना दिवस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले की प्रतिष्ठित समाज सेवी संस्था जिला युवा संधि आज 11 दिसंबर को दोपहर 12 बजे आपना 25 वां स्थापना दिवस सिवनी नगर के बारापत्थर क्षेत्र के सीबी रमन वार्ड जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पास स्थित वृद्धाश्रम में पहुंचकर वृद्धजनों के साथ समय व्यतीत कर उन्हे स्वलपहर वितरित कर मनायेगी।

उल्लेखनीय होगा कि आज से 25 वर्ष पूर्व जिला युवा संधि की स्थापना की गई थी, स्थापना के बाद से ही संस्था के द्वारा जिले भर में सामाजिक कार्यो में भागीदारी देते आयी है। चाहे वह सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजना के प्रचार-प्रसार हो या फिर नशे के विरोध में छेड़े गये नशा मुक्ति अभियान सभी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। नशे के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सड़क पर उतरकर जागरूकता अभियान चलाने का काम जिला युवा संधि के द्वारा किया गया। साथ ही बाल विवाह की रोकथाम, घरेलू हिंसा की रोकथाम के लिए भी समाज में जागरूकता लाने का काम किया है। जिला युवा संधि के द्वारा जिले की जीवन दायिनी बैनगंगा नदी में साफ-सफाई अभियान भी समय-समय पर चलाया गया। इसके अलावा शहर और शहर से लगे ग्रामीण अंचल में स्थित धार्मिक स्थालों के आसपास साफ-सफाई का कार्य भी जिला युवा संधि समाज सेवी संस्था के द्वारा समय-समय में किया जाते रहा है। इसके साथ ही महाशिवरात्रि पर्व के दौरान नगर से लगे बोरदई टेकरी में भगवान भोलेनाथ के दरबार में आने वाले भक्तों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने एवं स्वल्पाहर स्वरूप फलहारी खीर खिलाने का कार्य प्रतिवर्ष जिला युवा संधि समाज सेवी संस्था करते आ रही है। इसके अलावा शहर के श्री गणेशोत्सव को पुनर्जीवित करने के लिए वर्ष 2025 के श्री गणेशोत्सव के समापन के पश्चात शास्त्रगत स्वरूप में बैठायी गई प्रतिमाओं और मडंपों की साज-सजा एवं विसर्जन के दौरान निकालने जाने वाली शोभायात्रा में नशा से दूर रहने वाली समितियों को सम्मानित करने का काम भी जिला युवासंधि के द्वारा किया गया।

जिला युवा संधि के जिला अध्यक्ष दिलीप नेमा के द्वारा बताया गया कि आगामी समय में भी इसी तरह से समाज सेवा के कार्य संस्था के द्वारा किये जायेगे। श्री नेमा ने संस्था के सभी सदस्यों से स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित स्वल्पाहर वितरण कार्यक्रम में वृद्धाश्रम पहुंचने का आव्हान किया है।

# लखनादौन जनपद पंचायत क्षेत्र में बोर खनन में गंभीर लापरवाही

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया लखनादौन ।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा लखनादौन की ग्राम पंचायत में कराए जा रहे बोर खनन कार्य में अत्यधिक लापरवाही एवं शासन के नियमो का उल्लंघन किया जा रहा है। शासन की गाइडलाइन के अनुसार बोर का व्यास 8 से 9 इंच अनिवार्य होता है लेकिन ठेकेदार जानबूझकर 6 से 7 इंच का बोर खनन किया जाता है। बोर खनन के दौरान अगर कहीं पर गहराई होने पर लाल मिट्टी लगती है तो उसे केसिंग डालकर बोर की बधाई की जाती है। लेकिन ठेकेदार के द्वारा ऐसा नहीं किया जाता जिस कारण बोर बैठना धसना या पूरी तरह बिफल होना तकनीकी रूप से स्वाभाविक हैं। धोखाधड़ी एवं भ्रामक कार्य प्रणाली यह है कि ठेकेदार द्वारा जब बोर में पानी निकल गया या बोर बिफल होने लगा तो दूसरी गाड़ी की टंकी से पानी भरकर कृत्रिम जल उपलब्धि दिखाने का प्रयास किया जाता है।

अधिकतर जनपद पंचायत क्षेत्र में बोर विफल होने का यही कारण है की ग्रामों के लोगों को या पंचायत को विभाग जानकारी नहीं देता ग्राम में कितने फिट गहरा बोर खनन किया जाना है बोर के ब्यास की गुलाई कितनी रहना चाहिए लाल मिट्टी या लूज मिट्टी लगने पर ठेकेदार द्वारा केसिंग डालकर बोर की बांधाई की जाना चाहिए या नहीं करना चाहिए यह सब जानकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ग्राम पंचायत को अवगत करा दे तो सही तरीके से बोर खनन हो सकता है अधिकतर पंचायत में बोर खनन मशीन चली जाती है मनमर्जी से बोर करके आ जाते हैं किसी को कुछ समझ में ही नहीं आता की बोर किस तकनीकी से किया जा रहा है एक ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत चूलगांव जनपद पंचायत लखनादौन क्षेत्र का हैं जहां पर बोर खनन तकनीकी मानकों का उल्लंघन करते हुए किया गया उक्त बोर खनन कार्य की तकनीकी जांच जरूरी है जिससे ग्रामों में हो रहे बोर खनन तकनीकी मापदंडों के अनुसार हो जिसकी शिकायत अनुविभागीय अधिकारी लखनादौन सहायक अभियंता पी एच ई लखनादौन को कर दी गई है साथ ही इस मामले की शिकायत जिला कलेक्टर महोदय को की जा रही है।

### 23 वे जैन तीर्थंकर श्री पाश्र्वनाथ महाप्रभु की नव प्रतिष्ठित जिन प्रतिमा बडे जैन मंदिर मी हुई विराजमान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** परम पूय वर्तमान पट्टाचार्य श्रीमद आचार्य श्री समयसागर जी मुनिराज के ससंघ सानिध्य में जबलपुर दयोदय पंचकल्याणक में भगवान पाश्र्वनाथ स्वामी की अष्टधातु से निर्मित भव्य मनोज्ञ प्रतिमा का पंच कल्याणक प्रतिष्ठापन पूय आचार्य श्री के शुभ हस्ते पूर्ण विधि विधान से किया गया .पंचकल्याणक पूर्ण होने के पश्चात भगवान पाश्र्वनाथ स्वामी की खडगासन मुद्रा की उक्त भव्य अलौकिक प्रतिमा सिवनी के बडे जैन मंदिर में स्थापित करने के भाव से विगत दिवस जबलपुर से सिवनी पूर्ण विधी विधान पूर्वक सिवनी लाई गई.सिवनी सीमा में मध्यान्ह बेला में श्री जी का प्रवेश होते ही लुघरवाडा के गुरुकुल जैन मंदिर जी में श्रद्धालूओ ने श्री जी की महाआरती कर पुण्य लाभ लिया तत्पश्चात गणेश चौक से सकल जैन समाज के शतादिक श्रद्धालू जनो ने भगवान पाश्र्वनाथ स्वामी की मंगल आगवानी की. मार्ग में स्थान स्थान पर रंगोली के सुंदर चौक पूर कर श्रद्धालूओ द्वारा श्री जी की आरती कर श्रीफल आदि उत्कृष्ट द्रव्य अर्पित की गई।

# किसानों का पैर पखारना मेरा सौभाग्य-नरेश मरावी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के नेतृत्व में प्रदेश की किसान विरोधी मोहन यादव सरकार की अदूरदर्शी नीतियों से परेशान किसानो के दुख दर्द को समझते हुये जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा भाजपा सरकार द्वारा चुनाव में किसानो से किये वादा और घोषणा अनुसार रबी और खरीफ फसलो का समर्थन मूल्य दिलाने एवं किसानों की बिजली, पानी, खाद बीज सहित अन्य मांगो को लेकर आंदोलन किया गया। आंदोलन पूर्व निर्धारित समय अनुसार कचहरी चौक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा किसानों के पैर धोकर प्रांरभ किया गया।

किसान आंदोलन को सम्बोधित करते हुये नरेश मरावी ने प्रदेश की भाजपा सरकार से किसान हित में कहा कि हमारा प्रदेश एक कृषि प्रधान है, हमारे प्रदेश की सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। परन्तु दुर्भाग्य की बात है कि आज प्रदेश का अन्नदाता किसान अपने मेहनत और खून पशीने से पैदा की हुई मक्का एवं धान की फसल को प्रदेश सरकार की अदूरदर्शी नीतियों के कारण औने-पौने दाम पर बेचने पर मजबूर है, एक तरफ सरकार अपने आपको किसान हितैषी होने का दावा करती है और वही दूसरी तरफ मक्के की फसल का समर्थन मूल्य 2400 रू. प्रति क्विंटल घोषित होने के बावजूद कृषि मंडियों में मक्के की बोली 1200 रू. से 1600 रू. तक की बोली लगाई जा रही है, जबकि मक्के की फसल को पैदा करने में जुताई, बीज एवं खाद, खरपतवार नाशक, निंदाई, गहाई सब मिलाकर लागत ही लगभग 1500 रू. लग जाती है। इसी तरह धान की खरीदी भी सरकार द्वारा नाम के लिए की जा रही है, प्रति एकड़ पैदावार की अपेक्षा उससे आधी ही खरीदी की जा रही है और इसके साथ ही साथ गुणवत्ता के नाम पर अनेक किसानों की धान को रिजेक्ट कर दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में आज प्रदेश के किसान बन्धुओं के समक्ष गंभीर संकट खडा हो गया है। केवलारी विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह ने भाजपा सरकार को आडे.हाथो लेते हुये कहा कि मैं और कांग्रेस पार्टी किसानो की लड़ाई सदन से सड़क तक लड़ रहें है परन्तु मध्यप्रदेश के मुखियॉ मोहन यादव की मानसिकता किसानो के दुखदर्द और ऑसू पोछने की नही है तभी तो केन्द्र सरकार को चिठ्ठी लिखकर किसानों की उपज धान मक्का की खरीदे से इंकार किया गया। जिला प्रभारी परासिया विधायक सोहन वाल्मीकी ने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा में जब सरकार से मक्का खरीदी को लेकर सवाल किया गया तो सरकार की ओर से जवाब आया कि केन्द्र सरकार को मक्का खरीदी के संबंध में कोई प्रस्ताव राज्य सरकार द्वारा भेजा ही नही गया, यह किसानों के साथ कितना बडा छल है। प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजा बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि आज के इस आंदोलन के बाद अन्नदाता किसान कि फसलों का सही दाम नही मिला तो कांग्रेस इस आंदोलन को यही नही रोकने वाली और आने वाले समय में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार एवं अन्य वरिष्ट नेताओं की उपस्थिति में उग्र आंदोलन किया जायेगा।

# आगामी दिवसों में जिले में होगी 1200 मैट्रिक टन यूरिया उर्वरक की आवक



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिले में कृषकों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने की दृष्टि से लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उपसंचालक कृषि एस के धुर्वे ने बताया कि प्राप्त रैक प्लान की जानकारी अनुसार आगामी 2 दिवस में सिवनी जिले को छिन्दवाडा रैक से यूरिया उर्वरक की आवक होनी है।

प्राप्त जानकारी अनुसार कोरोमण्डल कम्पनी की छिन्दवाड़ा रैक से जिले को कुल 570 मैट्रिक टन यूरिया उर्वरक प्राप्त हो रहा है। उक्त यूरिया उर्वरक डबल लॉक केन्द्रों में 320 मैट्रिक टन, सेवा सहकारी समितियों में 200 मैट्रिक टन, मार्केटिंग समिति में 25 मैट्रिक टन एवं एमपी एग्रो के उर्वरक विक्रय केन्द्र पर 25 मैट्रिक टन पहुंच रही है। इसी प्रकार छिन्दवाडा रैक पाईन्ट पर कृषक भारतीय कॉर्पोरेटिव लिमिटेड कम्पनी की यूरिया रैक से जिले को 630 मैट्रिक टन यूरिया उर्वरक प्राप्त हो रहा है। उक्त यूरिया उर्वरक डबल लॉक केन्द्रों में 380 मैट्रिक टन, सेवा सहकारी समितियों में 200 मैट्रिक टन, मार्केटिंग समिति में 25 मैट्रिक टन एवं एमपी एग्रो के उर्वरक विक्रय केन्द्र पर 25 मैट्रिक टन पहुंच रही है। जिले में लगातार उर्वरकों की आवक बनी हुई है। किसान भाईयों से अपील है कि वे संतुलित मात्रा में ही उर्वरकों का प्रयोग करें।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन के आतिथ्य में किया गौरपानी से गोरखपुर मार्ग का भूमिपूजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी** ।सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी के आतिथ्य मे गोरखपुर से गौरपानी मार्ग का भूमिपूजन किया गया।आज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम गोरखपुर घुंघसा मे मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग संभाग छिंदवाड़ा द्वारा गौरपानी से गोरखपुर (सिवनी जिला तक) 346.36 लागत की 01.70 कि.मी. लंबाई वाले मार्ग निर्माण का भूमिपूजन भाजपा विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी एवं विधायक श्री कमलेश प्रताप शाह जी के आतिथ्य मे किया गया। जहां पर कार्यक्रम में आपके करकमलों से विधि विधान से भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही मंचीय कार्यक्रम मे श्री राय एवं सभी अतिथियों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया।



इस दौरान विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सिवनी से छिंदवाड़ा जिले को जोड़ने वाली सड़क क्षेत्र के लिए एक बड़ा वरदान है, जिससे आवागमन सुचारू होने के साथ-साथ, व्यापार- व्यवसाय बढ़ेगा और लोगों का जीवन आसान होगा। साथ ही क्षेत्र और समृद्ध बनेगा। यह सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि आमजन के भरोसे और उम्मीदों का प्रतीक है। विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने आगे कहा कि यह भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता है कि हम जनता के लिए काम करें साथ ही यह विकास कार्य भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली का प्रतीक भी है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों एवं अधिकारियों, कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके पूर्व मे विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी देव स्थान सांडदेव पहुंचे। जहां पर आपने मंदिर मे दर्शन-पूजन कर सभी के सुख, समृद्धि की कामनाएं किया। इसके अलावा विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बीजादेवरी मे आयोजित विशाल ईनामी दंगल कार्यक्रम मे सहभागिता किया। इस दौरान आयोजन समिति द्वारा आपकी ढोल-बाजे से आगवानी कर फूलमालाओं से आत्मीय सत्कार किया गया। वहीं विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा उपस्थित दंगल प्रेमियों पर पुष्प वर्षा कर अभिवादन कर संक्षेप उदबोधन मे आयोजन समिति को आयोजन के लिए साधुवाद दिया गया। इस अवसर जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या मे कुश्ती प्रेमी बंधुओं की उपस्थिति रही।

### निर्माण श्रमिकों के मेधावी बचों को मिलेगा 25,000 रूपये प्रोत्साहन, आवेदन की अंतिम तिथि 28 फरवरी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** श्रम पदाधिकारी सिवनी ने बताया कि मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित सुपर 5000 योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पुत्र-पुत्रियों को प्रोत्साहन राशि दी जाती है। यह राशि उन विद्यार्थियों को मिलती है जो म.प्र. माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में शामिल होकर राय मेरिट के शीर्ष 5000 विद्यार्थियों में स्थान प्राप्त करते हैं। पात्र विद्यार्थियों को एकमुश्त 25,000 रूपये की सहायता जीवनकाल में एक बार प्रदान की जाती है। सत्र 2024-25 की कक्षा 10वीं और 12वीं की संकायवार प्रावीण्य सूची श्रम सेवा पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। उन्होंने बताया कि ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक अपने पात्र पुत्र-पुत्रियों के आवेदन संबंधित विद्यालय प्राचार्य की अनुशंसा एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित 28 फरवरी 2026 तक श्रम पदाधिकारी, जिला सिवनी कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### सेवा मतदाताओं की नामावली के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सी एल चनाप ने बताया कि राय निर्वाचन आयोग द्वारा सेवा मतदाता से संबंधित निर्वाचक नामावली के अंतिम भाग का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया गया है। यह पुनरीक्षण 01 जनवरी 2026 की योग्यता तिथि के आधार पर किया जाना है।

जारी समय सारणी अनुसार निर्वाचन सूची के अंतिम भाग का प्रारंभिक प्रकाशन 16 दिसम्बर 2025 को किया जायेगा। रिकार्ड/कमांडिंग अधिकारियों द्वारा 16 दिसम्बर से 15 जनवरी तक फॉर्म प्राप्त करने, सत्यापन, स्कैनिंग तथा एक्सएमएल फाईल तैयार करने तथा अपलोड करने की कार्यवाही की जाएगी। 07 फरवरी 2026 तक सत्यापित एवं हस्ताक्षरित फॉर्मों तथा एक्सएमएल फाईल का निपटारे, अधूरे फॉर्म को वापस करने एवं पुनः प्राप्त संशोधित फॉर्म के निराकरण कर अंतिम आदेश पारित करने की कार्यवाही की जायेगी वहीं निर्वाचन सूची के अंतिम भाग का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी 2026 को होगा।

### परीक्षा परिणाम सुधार पर कलेक्टर का फोकस

# संयुक्त समीक्षा बैठक में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में शिक्षा, राय शिक्षा केन्द्र एवं जनजातीय कार्य विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में विस्तृत रूप से आयोजित की गई। बैठक में जिले की संपूर्ण शैक्षणिक व्यवस्था, छात्रवासों के संचालन, भवन निर्माण कार्यों तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विभागवार समीक्षा की गई।



कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि जिले में संचालित सभी छात्रवासों में पात्र विद्यार्थियों का प्रवेश अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए, कोई भी छात्रवास खाली न रहे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को लम्बित छात्रवृत्ति, पाठ्यपुस्तकों एवं गणवेश तथा साइकिल वितरण को प्राथमिकता के साथ आगामी दिनों में पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने परीक्षा परिणामों में सुधार को सर्वोच प्राथमिकता बताते हुए कहा कि स्कूलवार मॉनिटरिंग तत्काल प्रभाव से शुरू की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कमजोर बचों की पहचान कर विषयवार सुधारात्मक कक्षाएँ, अतिरिक्त अभ्यास एवं अधिक से अधिक पेपर सॉल्विंग सत्र नियमित रूप से कराए जाएँ। उन्होंने पिछले वर्षों के परीक्षा परिणामों के आधार पर कमजोर विद्यालयों को चिन्हित कर ऐसे विद्यालयों पर विशेष ध्यान देने और लापरवाह प्राचार्यों व शिक्षकों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर श्रीमती पटले ने लम्बित अनुकम्पा नियुक्ति व पेंशन प्रकरणों की सूची प्रस्तुत करने और प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागवार प्रगतिरत स्कूल एवं छात्रावास भवनों के निर्माण की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि जो निर्माण कार्य इस वर्ष पूर्णता के निकट हैं, उन्हें आगामी शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले तक पूरा किया जाए ऐसे प्रयास किया किया जाए ताकि बचों को बेहतर सुविधा मिल सके। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, सभी बीईओ, बीआरसी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# यदा यदा हि धर्मस्य...जब जब धर्म अर्थात मानव धर्म की हानि होती है तब मानव अधिकार की आवश्यकता होती है मानव अधिकार कोई अभी की नहीं मानव की उत्पत्ति से मानी जाती है-चतुर्वेदी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उक्ताशय के उद्गार आज मानव अधिकार दिवस पर आज एक दिवसीय कार्यशाला में संस्था प्रमुख डॉ रामकुमार चतुर्वेदी द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन में व्यक्त किए गए। आज मानव अधिकार दिवस पर आज एक दिवसीय कार्यशाला डी.पी.सी. ला कालेज/एस. एस. सी. एजुकेशन कालेज में सम्पन्न हुई।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 10 दिसबंर 2025 को मानव अधिकार दिवस पर डी. पी. चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय एवं एस. एस. सी. शिक्षा महाविद्यालय सिवनी के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 10 दिसंबर 2025 दिन गुरुवार को प्रातः11 बजे से ड्रीमलैंड सिटी कटंगी रोड सिवनी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य वक्ता श्री जगदीश तपिश जी एम्सबेसेडर एट लार्ज एंड पेटर्न , डेलीगेट टू दी। ग्लोबल कमेटी बी सी, नाथूराम धुर्वे जिला अध्यक्ष वनवासी विकास परिषद, सेवा निवृत्त प्राचार्य, जगन्नाथ वासनिक जी अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के तहसील अध्यक्ष, श्री नरेन्द्र नाथ चट्टान अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के जिला सचिव, संस्था के संचालक, राष्ट्रीय व्यंग्यकार डॉ.रामकुमार चतुर्वेदी, विधि विभागाध्यक्ष एडवोकेट अखिलेश यादव,एस एस सी शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमति निधि चतुर्वेदी प्राध्यापक श्रीमति अन्नपूर्णा मिश्रा, रामेश्वर पांडे, अनिकेत अहिरवार, श्रीमति वैशाली नीलेश गौडिया,एस एस सी शिक्षा महाविद्यालय के प्राध्यापक श्रीमति सीमा सिंगौतिया, श्रीमति ममता बाबरिया, श्रीमति चारूलता सिसोदिया, गौरव सिसोदिया, शिवदत्त पांडे, अक्षय डोंगरे, सुनील रजक, राजकुमार यादव , श्रीमति कामनी श्रीवास्तव , श्रीमति प्रियंका सोनी तथा क्षत्ररुरुक्ष से अंजली पंचेश्वर द्वारा कविता,कार्तिक श्रीवास्तव, द्वारा विचार तथा,रुरुक्ष से गौरव चौरसिया ने कविता तथा,निशांत वैष्णव,ने अपना ओजस्वी वक्तव्य प्रस्तुत किया इसी क्रम में अन्य विधार्थियों ने भी कार्यशाला में विषय पर अपने अपने विचार व्यक्त किए।आभार प्रदर्शन समिति व संस्था के प्रबंधक अजय चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

### नाम सुधार सूचना

यह है कि मेरा नाम अमित कुमार जायसवाल जो की मेरी दसवीं एव 12वीं की मार्कशीट में अंकित है तथा मेरे आधारकार्ड पैन कार्ड अन्य दस्तावेजों में अमित जैसवाल नाम है दोनों नाम मेरे ही है भविष्य मे मुझे अमित जैसवाल के नाम से जाना जाए।

### शहर को अपराधियों के अलावा आवारा श्वानों से भी खतरा

## कुत्तो का आतंक हुआ बेकाबू, नागरिक दहशत में!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले के साथ साथ अब शहर भी एक खौफनाक हकीकत का सामना कर रहा है ।सड़कों पर बेलगाम घूम रहे लावारिस कुत्तों का आतंक दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और नगर पालिका प्रशासन अब तक गहरी नींद में डूबा हुआ दिखाई देता है। शहर के लोग दहशत में हैं, बच्चे व बुजुर्ग घर से निकलने से कतराते हैं। हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि पिछले दस दिनों में ही 14 से ज्यादा लोगों पर लावारिस कुत्तों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। यह आंकड़ा नगरपालिका की नाकामी का सबसे बड़ा प्रमाण है।

इन्ही आवारा कुत्तों के आतंक का शिकार बने नवाब नगर निवासी जमीर खान। जिन पर कुछ दिन पहले सुबह के समय कुत्तों के झुंड ने घेरकर अचानक हमला कर दिया। जहां उनके हाथ व पैर पर बुरी तरह कुत्तो ने काट लिया था। घटना के बाद उन्होने तत्काल उपचार लेते हुए एंटी-रेबीज टीके भी लगवाए, परंतु रविवार को उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और उनकी मृत्यु भी हो गई। जमीर खान की मौत ने पूरे शहर को हिला कर रख दिया है। लोग सवाल उठाने लगे हैं । क्या एक इंसान की जान की कीमत नगरपालिका की लापरवाही से भी कम है? जमीर खान की मौत कोई साधारण घटना नहीं, बल्कि नगरपालिका की सुस्ती और कुत्ता प्रबंधन की विफल व्यवस्था पर एक खुली चार्जशीट है।

शहरवासियों का कहना है कि जब कुत्तों का आतंक महीनों से बढ़ता जा रहा है, तो आखिर नगरपालिका ने उन्हें पकड़ने के लिए अभियान क्यों नहीं छेडा क्यों हर शिकायत पर सिर्फ जल्द कार्रवाई होगी का जवाब देकर



मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है? क्या प्रशासन वास्तव में किसी बड़ी घटना के इंतजार में था? आज एक परिवार ने अपना सदस्य खो दिया है।

सड़कों पर आवारा श्वानो का झुंड किसी डरावने मंजर से कम नही है। इन्हे लेकर ना तो कोई टीकाकरण अभियान चलाया गया, ना ही इन पर निगरानी रखने का कोई ठोस प्रबंध किया गया। वही नगरपालिका की पशु नियंत्रण शाखा पूरी तरह निषक्रिय पड़ी है। करोड़ों का बजट पाने वाली नगरपालिका, कुत्तों को पकड़ने जैसी छोटी व्यवस्था क्यों नहीं हो पा रही? श्वानो का झुंड राहगीरो व बच्चो के लिये घातक साबित हो रहा है। दहशत ऐसी है कि लोग घर से निकलने से पहले आवारा श्वानो का ख्याल करके कतराने लगे है। शहर की सुरक्षा सिर्फ अपराधियों से ही नहीं, अब लावारिस कुत्तों से भी खतरे में है। प्रशासन का रवैया इस पूरे मामले में और भी चिंताजनक है। नगर पालिका को चाहिए कि बढ़ते घटनाक्रम को देखते हुए त्वरित पकड़-धकड़ अभियान चलाए। क्योकि अब इंतजार का वक्त नही रहा।

श्वान के हमले के बाद जमीर खान की मौत, पूरे शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवालिया निशान है। लोग कह रहे हैं कि अभी सिर्फ जमीर खान ही श्वानो का शिकार हुए है, लेकिन कल कोई और भी हो सकता है। आखिर शहर को इस डर के माहौल से कब छुटकारा मिलेगा? शहरवासियों की मांग है कि तुरंत कुत्तों को पकड़ने का तत्काल विशेष अभियान चलाया जाए। जिसे लेकर ही स्थानीय लोग जनसुनवाई में आवारा कुत्तों से छुटकारा दिलाने की मांग लेकर पहुंचे थे। उन्होने कलेक्टर को बैहर रोड एरिया में आवारा कुत्तों की तादाद बढ़ने व क्षेत्र के बब्बू मिस्त्री की कुत्ते के काटने से मृत्यु होने का जीक्र करके अन्य आंकडे भी बताये। इस प्रकरण में कलेक्टर मीना ने सीएमओ बालाघाट को शीघ्र इस मामले मे कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

### शासन की योजना का लाभ गरीब परिवार को मिले : वैभव बिसेन

## ग्राम गर्रा में पीएम आवास सर्वे का कार्य पूर्णता की ओर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



ग्राम पंचायत गर्रा के सरपंच ने 970 मकान का प्रथम फोटो सर्वे करके भेजा था, 923 आवास प्रथम स्तर पार करके द्वितीय स्तर की लेट्टीट्यूड लोंगिट्यूड वाली फोटोग्राफ के लिए स्वीकृत हो चुके हैं। 923 मकान बनना लगभग तय है। सरपंच वैभवसिंह बिसेन ने जानकारी देते हुए बताया कि गार्डन मोहल्ला वार्ड नंबर 11, वार्ड नंबर 12, चमन नगर, गर्रा डिपो, नदी टेकरा, जवाई मोहल्ला, सालई टोला, शिवाजी नगर, यादव मोहल्ला, आवास मोहल्ला, शिवाजी नगर इन क्षेत्रों में लगभग 650 मकान ऐसे हैं जिनको भूमि स्वामी का अधिकार नहीं है फिर भी ग्राम प्रधान के प्रयासों और पंचायत द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के आधार पर इनका प्रधानमंत्री आवास में नाम आ चुका है इसीलिए अब सबसे पहले इन सभी भूमि स्वामित्व अधिकारहीन लोगों को भूमि स्वामित्व अधिकार दिलाने के लिए ग्राम पंचायत प्रतिबद्ध है और मद परिवर्तन करवा के इन गरीबों को भूमि स्वामित्व का अधिकार दिलाने हेतु ईमानदारी से कार्यरत है और बहुत ही जल्दी ग्राम के सभी लोग एकत्रित होकर इस कार्य को अंजाम देने में जुट जाएंगे। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 30 से 35 वर्षों से कब्जे वाली भूमि पर रहते हुए स्वामित्व आवासीय पट्टे की मांग शासन-प्रशासन से समय-समय पर करते रहे हैं। किन्तु शासन-प्रशासन के द्वारा हमें अपने कब्जे वाली भूमि का अधिकार नहीं मिला हैं। ग्राम प्रधान वैभवसिंह के द्वारा ग्रामवासियों के हित में आवासीय भूमि के पट्टे गरीब परिवारों को मिल सके। इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उनके अथक प्रयासों से 923 मकान निर्माण(पीएम आवास) सर्वे का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया हैं। शीघ्र ही इन परिवारों को पक्के मकान मिल जायेंगे। ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन ने कहा कि हमारा लक्ष्य शासन के द्वारा चलाई जा रही योजना पीएम आवास का लाभ अधिक से अधिक परिवारों को मिल सके। इसके लिए हम पूरी ईमानदारी से प्रयास कर रहे हैं और मेरा सभी 695 ग्राम प्रधानों से निवेदन हैं आप भी अपनी पंचायत में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करते हुए सर्वे कार्य को पूर्ण करें और अधिक से अधिक शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को प्रदान करें।

## 43 लाख के दो हार्डकोर नक्सली बालाघाट में सरेंडर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



**बालाघाट में अंतिम हार्डकोर नक्सली दीपक ने 11 दिसंबर को बिरसा क्षेत्र के कोरका में अपने साथी रोहित के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। इसके साथ ही बालाघाट जिला आधिकारिक तौर पर नक्सल मुक्त हो गया है। नक्सल एएसपी आदर्शकांत शुक्ला ने बताया कि दीपक पर 29 लाख रुपए और रोहित पर 14 लाख रुपए का इनाम घोषित था। दोनों ने कोरका कैंप पहुंचकर हथियार त्याग दिए और पुनर्वास की इच्छा जताई।**

बालाघाट जिला 1990 के दशक से नक्सलवाद से प्रभावित रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश को मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त करने की समय सीमा तय की थी, लेकिन बालाघाट ने इस लक्ष्य को निर्धारित समय से पहले ही हासिल कर लिया है। दीपक और रोहित ने राज्य सरकार की पुनर्वास योजना के तहत आत्मसमर्पण किया है। उन्हें मौजूदा नीति के तहत आर्थिक सहायता, कौशल विकास प्रशिक्षण और सामाजिक पुनर्स्थापना का आश्वासन दिया गया है। जिले में नक्सलियों के आत्मसमर्पण की यह प्रक्रिया 1 नवंबर को महिला नक्सली सुनीता के समर्पण से शुरू हुई थी। इसके बाद 6 दिसंबर की देर रात करीब 10 अन्य नक्सलियों ने भी बालाघाट में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। इससे पहले, जिले की नक्सली संगीता ने गोंदिया में और संपत ने छत्तीसगढ़ में हथियार त्यागकर मुख्यधारा में वापसी की थी।

## बाघिन का मिला शव, मचा हड़कंप, बोनकट्टा सर्किट के आंजनबिहरी बीट के कक्ष क्रमांक 562 की घटना

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट के वन परिक्षेत्र कटंगी के बोनकट्टा सर्किल के आंजनबिहरी बीट के कक्ष क्रमांक 562 में एक व्यस्क बाघिन का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। गुरूवार की शाम करीब साढ़े 04 बजे के आस-पास जंगल की ओर से वापस घर की तरफ लौट रहे गांव के दो लोगों ने सबसे पहले बाघिन के शव को देखा। जिसकी सूचना गांव के सुरक्षा श्रमिक को दी। सुरक्षा श्रमिक ने वन विभाग के बीट गार्ड से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को बाघिन की मौत की जानकारी पहुंचाई। अनुसूची एक में शामिल इस वन्य प्राणी के शव के मिलने की सूचना मिलते ही उपवन मंडल अधिकारी बी.आर. सिरसाम जो क्षेत्र के दौरे पर थे वह घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने वन मंडल अधिकारी को जानकारी दी। डीएफओ देर शाम करीब 08 बजे घटनास्थल पर पहुंचे और अपने मातहत अधिकारी और कर्मचारियों से चर्चा की। वन विभाग ने घटनास्थल को सील कर दिया गया है। एसडीओ ने बताया कि डॉग स्क्वायड की टीम को घटनास्थल की जांच के लिए बुलाया गया है जो शुक्रवार की सुबह घटनास्थल पर पहुंचकर मैदानी अमले के साथ जांच कार्रवाई शुरू करेगी। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुसार बाघिन के शव का शुक्रवार को पोस्टमार्टम कर प्रोटेकाल के साथ विधिवत अंतिम संस्कार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बाघिन के शरीर का कोई भी अवशेष गायब नहीं है। शरीर के एक हिस्से से खुन निकला हुआ दिखाई दिया है।

गौरतलब हो कि नवंबर माह में ही वन विभाग ने बाघ गणना के लिए सर्वे किया है। इस सर्वे के एक पखवाड़े के बाद ही बाघ की मौत होने पर मैदानी अमले द्वारा जंगल की नियमित गश्ती के दावों की पोल खुल गई है। प्रथम दृष्टया तो ऐसा ही प्रतीत हो रहा है कि बाघिन के शव को किसी ने उस स्थान पर लाकर फेंका है। बाघिन का शव देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि शव मंगलवार की देर शाम के बाद हो सकता है। बता दें कि वन परिक्षेत्र कटंगी के कोड़मी बीट में 01 मार्च 2025 को वन्य प्राणी बाघ की मौत हो गई थी। इस वर्ष कटंगी क्षेत्र में 02 बाघों की मौत हो गई और इतनी ही संख्या में तेदूएं की मौत की घटनाएं भी सामने आई। आंजनबिहरी में जैसे ही वन्य प्राणी बाघ की मौत की सूचना ग्रामीणों को मिली यह खबर सोशल मीडिया में आग की तरह फैल गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। हालांकि जैसे ही वन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे उन्होंने ग्रामीणों को घटनास्थल से दूर कर दिया। एसडीओ ने बताया कि शुक्रवार को प्रारंभिक जांच शुरू करने के बाद ही बताया जा सकता है कि बाघ की मौत कैसे हुई है अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। बाघिन की मौत के बाद कई तरह की अटकलें लगाई जा रही है शिकार और आपसी संघर्ष का भी अनुमान है।



### उपार्जन प्रक्रिया सुव्यवस्थित तरीके से संचालित हो - संभागायुक्त श्री धनंजय सिंह

## धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षणः संभागायुक्त द्वारा धान उपार्जन व्यवस्था की समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** संभागायुक्त श्री धनंजय सिंह ने आज बालाघाट जिले के ग्राम मानेगांव स्थित सहकारी समिति पायली के गोदाम स्तर पर बनाए गए धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर धान बेचने पहुंचे किसानों से चर्चा कर धान उपार्जन प्रक्रिया का जायजा लिया। साथ ही किसानों से उनके रकबे, उत्पादन और पंजीयन की स्थिति जानी।

संभागायुक्त श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान मौके पर तौल कांटे पर धान की तौल भी कराई।उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि शासन की नीति और नियमों के अनुसार उपार्जन सुनिश्चित की जाए। खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

संभागायुक्त ने कहा कि गोदाम में संग्रहित धान का नियमित सत्यापन किया जाए। उन्होंने उपार्जन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित रूप से करने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।



## डीईओ अश्विनी उपाध्याय का नेवरगांव वा. स्कूल में आकस्मिक निरीक्षण

### बोर्ड परीक्षाओं को लेकर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय ने 10 दिसंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरगांव वा., जो मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की समस्त शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा 10वीं के प्रायोगिक कार्य कर रहे विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी अर्द्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम, अध्ययन पद्धति और विषयवार कठिनाइयों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। साथ ही छात्रों को बोर्ड परीक्षा के मद्देनज़र अपनी कमियों की पहचान कर उन्हें सुधारने की सलाह दी।

डीईओ श्री उपाध्याय ने कक्षा 12वीं (कला एवं विज्ञान संकाय) के छात्रों से मुलाकात कर बोर्ड परीक्षा की प्रभावी तैयारी के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। उन्होंने छात्रों को नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन, निर्धारित समय में लेखन अभ्यास, प्रश्नपत्रों की पुनरावृत्ति और मॉडल पेपरों के लगातार अभ्यास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि रेमेडियल क्लासें परीक्षा परिणाम सुधारने में अत्यंत सहायक होती हैं, इसलिए विद्यार्थियों को इसमें सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। इस दौरान उन्होंने रेमेडियल कक्षाओं की प्रगति का भी मूल्यांकन किया और शिक्षकों को उसकी गुणवत्ता में लगातार सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि छात्रों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना अत्यन्त आवश्यक है, क्योंकि अनियमितता उनके प्रदर्शन को सीधे प्रभावित करती है।

निरीक्षण के दौरान श्री उपाध्याय ने विद्यालय के उपस्थिति रजिस्टर, शिक्षण योजनाएँ, विषयवार प्रगति, मूल्यांकन अभिलेख और अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने कक्षाओं के संचालन के बीच सभी शिक्षकों को थोड़े समय के लिए बरामदे में एकत्रित कर प्रत्येक विषय शिक्षक से व्यक्तिगत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बेहतर कक्षा शिक्षण, छात्रों की समझ बढ़ाने और परीक्षा परिणाम सुधारने के उपाय सुझाए। डीईओ श्री उपाध्याय ने विद्यालय में कक्षाएँ नियमित रूप से संचालित पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया और शिक्षकों व विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।



### किसानों को 19.77 करोड़ रुपए का हुआ भुगतान

**बालाघाट।** किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिए खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में 185 केंद्रो पर 01 दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 11 दिसम्बर को उपार्जन समिति की बैठक लेकर धान खरीदी की विस्तार से समीक्षा की।

## सहायक आयुक्त श्रीमती डामोर ने एकलव्य विद्यालय बैहर में बच्चों के साथ किया भोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुतला डामोर ने 11 दिसम्बर को एकलव्य विद्यालय बैहर के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में बच्चों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता देखने के लिए बच्चों के साथ भोजन किया। श्रीमती डामोर ने कन्या छात्रावास की मेस में पहुंचकर भोजन तैयार करने की व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को अपने हाथों से भोजन परोसा। उन्होंने छात्राओ के साथ भोजन किया और पाया कि बच्चों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता अच्छी है। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को भोजन परोसने के लिए काउंटर की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए जिससे सभी छात्राओं को एक साथ भोजन प्राप्त हो सके। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षको ने भी छात्राओं के साथ भोजन किया और बताया कि बच्चों को नियमित रूप से अच्छी गुणवत्ता का भोजन दिया जाता है।



### विद्युत व्यवस्था नहीं सुधरी, तो ग्रामीणों का आक्रोश झेलने तैयार रहें विद्युत विभाग- पटेल

## विद्युत विभाग के अधिकारियों ने विधायक पटेल से विभिन्न विषयों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की जनता बेहद परेशान हैं। जिसकी शिकायत विधायक विवेक विक्की पटेल से लगातार की जा रही थी। जिसके बाद विधायक विवेक विक्की पटेल ने इन समस्याओ को गंभीरता से लेते हुए वारासिवनी के कार्यपालन अभियंता बी एल भैना, रामपायली वितरण केंद्र के प्रभारी निखिल सुखदेवे, डोंगरमाली वितरण केंद्र के प्रभारी मनोज ठाकरे, सावंगी वितरण केंद्र प्रभारी मयूर बिसेन, कोचेवाही वितरण केंद्र प्रभारी सुश्री बबिता उइके के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और अधिकारियों ने जल्द ही समस्याओं का निराकरण करने की बात विधायक विवेक विक्की पटेल से कही।

#### क्षेत्र की जनता ना हो परेशान, इसका विभाग रखे ध्यान-विवेक पटेल

विधायक विवेक विक्की पटेल ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए घटिया सामग्री के कारण बार-बार बिजली की कटौती हो रही हैं, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा हैं। मूल रूप से आरडीएसएस के अंतर्गत हो रहे कार्यों का ब्यौरा व गुणवत्ता, जंगली जानवरों के आतंक से प्रभावित कृषि क्षेत्र में दिन के समय 10 घंटे कृषि कार्य हेतु निरंतर बिजली दिए जाने का इसका विशेष ध्यान रखे, मेरे द्वारा सारी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत करा दिया गया हैं। उन्होंने हमें आश्वस्त किया हैं कि क्षेत्र में जो भी परेशानी होंगी, बहुत जल्द समस्या का निराकरण किया जायेगा। हमारा प्रयास हैं कि क्षेत्र की जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए, हम क्षेत्र की जनता के साथ खड़े हैं।



## श्री शिव सांई मंदिर का 20वां वार्षिक उत्सव 12,13 व 14 दिसम्बर को

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शहर के मध्य में स्थित श्री शिव सांई मंदिर ट्रस्ट, बालाघाट श्री सांई बाबा प्रतिमा स्थापना का इस वर्ष 20वां वार्षिक उत्सव 12, 13 व 14 दिसम्बर को मना रहा है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सांई धाम शिरडी के विद्वान व प्रकांड पंडितों के मार्गदर्शन में पूर्ण वैदिक विधान से तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव मनाया जायेगा। मंदिर को लाईटिंग व फूलो के डेकोरेशन से विशेष रूप से सजाया गया है। वार्षिक उत्सव की दो दिवसीय पूजन हेतु मंदिर ट्रस्ट श्रद्धालु भक्तों को निःशुल्क पूजन में शामिल होने हेतु पंजीयन मंदिर में जारी है। 13 व 14 दिसम्बर को प्रातः 7 बजे से श्रीसांई की मूर्ति का अभिषेक उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तों को करने का अवसर वर्ष सिर्फ इन दो दिनों में ही मिलता है। वार्षिक उत्सव में पूजन हेतु 16 खंबों का पूजन मंडप बनाया जा रहा है, जिसमें 9 पूजन मंडलों के माध्यम से पूजन में बैठने वाले भक्तों के द्वारा पुरोहितों के कुशल मार्गदर्शन व मंत्रोपचार के साथ पूजन होगी। 13 दिसम्बर को दो पाली पहली दिन में सुबह 8 से 12 व दोपहर 2 से सायं 6 बजे तक पूजन होगी व 14 दिसम्बर रविवार को सिर्फ एक पाली में प्रातः 8 से 12 बजे तक पूजन होगी व श्री सांई बाबा को 56 भोग का नेवैद्य भोग लगाया जायेगा जिसे आरती पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तों में लगातार वितरित किया जायेगा, दोपहर 12 पूर्णाहूति, आरती के बाद भंडारा प्रारंभ होगा। प्रथम दिवस 12 दिसम्बर,2025 दिन शुक्रवार को श्री सांई नाथ पालकी यात्रा शहर भ्रमण के लिये सांय 4 बजे मंदिर से निकलेगी शहर के मुख्य मार्ग से भ्रमण कर मंदिर पहुंचेगी।

मंदिर ट्रस्ट ने सभी श्रद्धालुओं भक्तों से विनम्र अपील किया है कि श्री सांई के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम की पूजन, पूर्णाहूति, आरती में शामिल होकर भक्ति प्रसाद ग्रहण करें व 14 दिसम्बर रविवार को दोपहर 01 बजे से श्री सांई का भंडारा प्रसाद ग्रहण श्री सांई के दर्शन लाभ के साथ करें।



**नाम परिवर्तन सूचना**

**आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं Abdul Salam S/O Abdul Gaffar 105 वार्ड नं0 07 ग्राम चांगोटोला तह0 लामता जिला बालाघाट का निवासी हूं, मेरे पूर्व के पासपोर्ट में उपरोक्त नाम दर्ज है जब की मेरे सभी शासकीय अभिलेख में मेरा नाम Abdul Salam Shah S/O Abdul Gaffar Shah है अतः मुझे मेरे शासकीय अभिलेख के आधार पर Abdul Salam Shah S/O Abdul Gaffar Shah के नाम से ही जाना जावे।**